# बस्तर विश्वविद्यालय,जगदलपुर

(धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ0ग0) पिन 494001

www.bvvjdp.ac.in Email-exambastar@gmail.com. Phone no. - 07782-229884


क्रमांक /1064/ परीक्षा / गोपनीय / 2021 जगदलपुर, दिनांक 26 / 03 / 2021

## / /अधिसूचना/ /

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा स्नातक / स्नातकोत्तर कक्षाओं की मुख्य परीक्षा सत्र 2020–21 में सम्मिलित होने वाले नियमित / अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने हेतु तिथि निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है:–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा बिना विलम्ब शुल्क के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि। | दिनांक 01.04.2021 से 15.04.2021 तक |
| 02 | विलंब शुल्क 100/– के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि। | दिनांक16.04.2021 से 20.04.2021 तक |
| 03 | परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन सबंधित महाविद्यालय में जॉच **(Online Verify)** कराकर, सहपत्रों सहित जमा करने की तिथि। | दिनांक 01.04.2021 से 24.04.2021 तक |
| 04 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन किये गये मुख्य परीक्षा आवेदनों का **(Verified Student)** की सत्यापित सूची एंव अशेष प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मे जमा करने की तिथि। | दिनांक 26.04.2021 से 30.04.2021 तक |

### (I) परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हता :–

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश के अनुसार अर्हतादायी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रमाण स्वरूप अर्हतादायी परीक्षा की सत्यापित प्रतियां निम्नानुसार संलग्न करें।

1. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची की छायाप्रति।
2. यदि इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2019–20 की किसी परीक्षा में सम्मिलित हुये हो, तो अंकसूची की छायाप्रति।
3. सत्र 2019–20 की मुख्य परीक्षा एवं उसके पूर्व वि.वि. की परीक्षा में सम्मिलित न हुए हो तो गैप सर्टिफिकेट (नोटरी के शपथपत्र)।
4. यदि इस विश्वविद्यालय से किसी पाठ्यक्रम का एक या दो वर्ष 2020 के पूर्व पार्ट कोर्स उत्तीर्ण किया हो और इस बीच पाठ्यक्रम में परिवर्तन आ गया हो, तो विषय / प्रश्नपत्रों के चयन के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र अकादमिक शाखा में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संग्लन करें।
5. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
6. वर्ष 2020 या उसके पूर्व अनुचित साधन **(U.F.M.)** उपयोग करने वाले प्रकरण पर परीक्षा से वंचित किया गया हो, तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति, जिसमें वर्ष 2021 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता आती है, संलग्न करना अनिवार्य है।
7. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में वि.वि. की एक से अधिक उपाधि / डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं है (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।
8. किसी भी पाठयक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि **N+2+1** होगा जहॉ **N** = पाठयक्रम की न्यूनतम अवधि होगी।

## (II) परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की प्रक्रियाः—

### (A) नियमित परीक्षार्थियों के लिए :—

1. नियमित परीक्षार्थी (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.-I$^{st}$) विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** के माध्यम से **Apply for Annual (Main) Exam** का चयन करने के पश्चात् **Student Login** में **User ID & Password Login** कर **Apply for Examination** में मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
2. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.. II$^{nd}$,III$^{rd}$ के नियमित परीक्षार्थी सत्र 2019—20 के परीक्षा में प्राप्त **User-ID & Password** से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** में **Student Login** में **User-ID & Password Login** कर **Apply for Examination** में मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।

### (B) भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों के लिए :—

1. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.**-I$^{st}$, II$^{nd}$ ,III$^{rd}$** (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.**-II$^{nd}$** पूरक पुराना कोर्स ) के परीक्षार्थी सत्र 2019—20 के परीक्षा में प्राप्त **User -ID & Password** से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in में Student Login** में **User-ID & Password Login कर Apply for Exam**ination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।

### (C) अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के लिए :—

1. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.**-** प्रथम वर्ष के छात्र **New Rgistation Private** से **User-ID & Password** प्राप्त कर महाविद्यालय से **Verify** कराने के पश्चात् विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in में Student Login** में **User-ID & Password Login कर Apply for Exam**ination **में** परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।
2. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.. **II$^{nd}$,III$^{rd}$** द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एम.ए. पूर्व/अंतिम, एम.कॉम, एम.एस.सी. गणित पूर्व/अंतिम के अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी सत्र 2019—20 के परीक्षा में प्राप्त **User-ID & Password** से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** में **Student Login** में **User-ID & Password Login कर Apply for Exam**ination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.एच.एस.सी.. II$^{nd}$,III$^{rd}$ द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एम.ए. पूर्व/अंतिम, एम.कॉम, एम.एस.सी. गणित पूर्व/अंतिम परीक्षा उर्तीण/अनुर्तीण है बस्तर विश्वविद्यालय से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पात्रता अनिवार्य होगी। वे बिन्दु कमांक एक के अनुसार ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।
4. ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने बस्तर विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित हुए हो तथा **User-ID & Password** नहीं है। ऐसे छात्र **GAP Examination Form से User-ID & Password** प्राप्त कर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in में Student Login में User-ID & Password Login कर Apply for Exam**ination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।

टीपः—1. सत्र 2018—19 में बस्तर विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों का **User-ID** अंकसूची/पूर्व प्रवेश पत्र में अंकित है ऐसे परीक्षार्थी जो **Password** भूल गये हैं वे **Forgot Password/ Re-Send User-Id and Password Option** में जाकर आवश्यक जानकारी दर्जकर पुनः **Password** प्राप्त कर सकते हैं।

2. राज्य शासन के निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को प्रमांण पत्र का ऑनलाईन परीक्षण करने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी।
3. जिस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र घोषित नहीं किया गया है वहॉ अमहविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे अर्थात परीक्षार्थी उस महाविद्यालय का विकल्प का चुनाव न करें। तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धरित परीक्षा केन्द्र भर कर परीक्षा केन्द्र कोड डालकर परीक्षा आवेदन करें।

4. अमहविद्यालयीन परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन में उन्ही कक्षा/विषय/प्रश्न पत्रों का चुनाव कर परीक्षा आवेदन भरेगें जो उस महाविद्यालय में संचालित है तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त है।
5. परीक्षार्थी अपने **User-ID** से **Enrollment/Exam Document Upload** में जाकर **Document Upload** करेंगे।
6. नियमित परीक्षार्थी अपने **User-ID** से यदि **Enrollment** में **Document Upload** कर दिये हो तो पुनः **Document Upload** करने की आवश्यकता नहीं है।

## (III) परीक्षा शुल्क संबधी आवश्यक निर्देश :–

1. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरने के पश्चात पुनः समस्त भरे हुए ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही परीक्षा शुल्क के **Option** में जाकर नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर सकेंगे। ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग का नंबर/यूजर आई डी/पासवर्ड/पिन किसी भी व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा, सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी अपनी होगी।
2. परीक्षा आवेदन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड कर परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात परीक्षा आवेदन के प्रिंटआउट की एक प्रति अपने पास रखें।जिससे महाविद्यालय द्वारा मांग करने पर उपलब्ध कराया जा सके।
3. परीक्षार्थियों ने **Exam Fees** का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव **Transaction** स्टेटस **Pending** दिखा रहा हो तो दोबारा पेमेंट न करें। पोर्टल में **Transaction Complaint** में जाकर ऑनलाईन भुगतान करते समय प्राप्त **Transaction ID** को दर्ज करें। **Transaction ID को Copy कर Paste** भी कर सकते हैं। एंव **Try Settlement में Click** करें।
4. परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान सावधानी पूर्वक करें। एक से अधिक बार भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क भुगतान में समस्या हो तो **हेल्प लाईन नं. 07782-229884** में सम्पर्क करें।
5. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। बार–बार भुगतान प्रयास से अधिक भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।(**Try Settlement** का प्रयोग करें।)

## (IV) Complaint Box

यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो रही है तो अपना शिकायत बस्तर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** के **Other- Complaint Box** में कर सकते हैं प्रक्रिया निम्नानुसार है:–

- सबसे पहले वि.वि. के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** से **Other- Complaint Box में Click** करेगें।
- परीक्षार्थी अपना **Name, Mobile No., User Id** दर्ज कर अपना **Problem Message Box** में दर्ज करेगें।
- **Submit Complaint में Click** करेगें।
- अपने **Complaint** की स्थिति जानने के लिए **Track Complaint में Click** करेगें।

## (V) परीक्षा आवेदन का हार्ड कापी जमा करने संबंधी निर्देश :–

परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पूर्ती करने के पश्चात परिपूरित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की दो प्रति प्रिन्ट आउट प्राप्त कर एक प्रति अपने पास रखेगें तथा दूसरी प्रति जिसमें पिछली कक्षाओं की अंकसूची की सत्यापित प्रति/आवेदन मे चाही गई समस्त आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति के साथ नियमित परीक्षार्थी अध्ययनरत महाविद्यालय में एवं अमहा./भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में कमशः 30/– रू. अग्रेषण शुल्क के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा करेगें।

## (VI) परीक्षा समय सारणी :–

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा समय सारिणी (**Time Table**) यथा समय जारी की जाएगी। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तिथियॉं परीक्षा केन्द्र/महा. के सूचना पटल से तथा बस्तर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdp.ac.in** में देख सकते हैं।

## (VII) प्रवेश पत्र :–

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिन पूर्व बस्तर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** से प्रवेश पत्र (**Admit Card**) डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

## (VIII) नामांकन/पंजीयन क्रमांक :–

नियमित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया नामांकन अंक की प्रविष्टि निर्धारित स्थान पर करेगें। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों का पंजीयन कमांक (प्रथम वर्ष को छोड़कर) अन्य कक्षाओं की परीक्षार्थियों को पूर्व में प्राप्त नामांकन अपने परीक्षा आवेदन में भरेगें। अमहाविद्यालयीन प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को वि.वि. द्वारा नामांकन हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पश्चात् नामांकन अंक प्रदान किया जावेगा।

## (IX) विषय/प्रश्नपत्रों का चयन :–

1. परीक्षार्थियों को उन्ही विषयों एवं प्रश्नपत्र का चयन करना होगा जो महाविद्यालय में संचालित है। जो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सत्र 2020–21 के पाठ्यक्रम के अनुसार हो।
2. परीक्षार्थियों को बीच सत्र में विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है। परिवर्तन करने पर परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करने योग्य होगा।
3. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी जिन्होने प्रायोगिक विषय का चयन किया है। उन्हे संबंधित महा. के प्राचार्य से यह प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना आवश्यक है, कि परीक्षार्थी ने निर्धारित चार सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण कर लिया है। अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उक्त प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।
4. प्रायः देखा जा रहा है कि प्रायोगिक विषय वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन प्रायोगिक पंजीयन के बिना महाविद्यालय द्वारा स्वीकार कर लिये जाते हैं जो उचित नहीं है। बेहतर होगा कि प्रायोगिक पंजीयन के सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किये जावें।
5. एम.कॉम. (अमहा.) की परीक्षा हेतु बी.कॉम. परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
6. 12वीं कृषि संकाय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी बी.ए. परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

## (X) परीक्षा का माध्यम :–

परीक्षा का माध्यम हिंदी अथवा अंग्रेजी निर्धारित है। भाषा विषयों को छोड़कर अन्य भाषा में लिखी गई उत्तरपुस्तिका का मूल्याकंन नहीं कराया जावेगा। अतः हिन्दी या अंग्रेजी माध्यम का ही चयन करें।

## (XI) निवास प्रमाण–पत्र :–

1. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के लिए यह आवश्यक है, कि वह विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में अर्थात् बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, कोण्डागांव, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, जिले का मूल निवासी हो अथवा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि से 12 माह पहले से निवास कर रहा हो।
2. निवास संबंधी उक्त शर्त को पूर्ण करने के लिये परीक्षार्थी को संबंधित जिले के जिलाधीश/तहसीलदार/नायब तहसीलदार अथवा अधिकृत सक्षम अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु अस्थाई निवास प्रमाण–पत्र दे सकते हैं इसके लिये परीक्षार्थी को स्वयं उनके माता/पिता अथवा स्थानीय संरक्षक को विधिवत शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह बस्तर संभाग के जिले का निवासी है।
4. केन्द्र अथवा राज्य शासन के कर्मचारी अथवा उनके पाल्य या उन पर आश्रित के लिय संबधित विभाग के विभागध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र निवास प्रमाण–पत्र के लिए मान्य होगा।
5. जो परीक्षार्थी इस वि.वि. द्वारा आयोजित 2020 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, उन्हें पुनः निवास प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। एक वर्ष से अधिक गेप होने पर निवास प्रमाण पत्र पुनः देना होगा।
6. राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी/नेवी/आर्मी/वायुसेना के कर्मचारी उनके सक्षम अधिकारी से अनुमति पत्र प्राप्त कर संलग्न करें। उन्हें निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

## (XII) महाविद्यालय के प्राचार्य (अग्रेषणकर्ता अधिकारी) के लिये आवश्यक निर्देश :–

1. अग्रेषणकर्ता अधिकारी परीक्षा फार्म का परीक्षण कर ऑनलाईन **(Verify)** करेगें।
2. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों का कार्यलयीन अभिलेखों के अनुसार परीक्षण करना आवश्यक है।
3. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों का जॉच **(Document Verification)** करने की प्रक्रिया वेबसाईट **www.bvvjdpexam.in** में प्राचार्य / विभागाध्यक्ष के **User-ID & Password** के माध्यम से निम्नानुसार होगाः–
   - **Manage student** में **Click** करेगें।
   - **Exam Document Verify** में **Click** करेगें।
   - **User-ID** का **View Document** में **Click** करेगें। आवश्यकतानुसार दस्तावेज अपलोड होने पर **Verify** करेगें।
   - **Dashboard Exam Document University Remark "Click Here"** से सूची प्राप्त करेगें।
4. परीक्षार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के हार्ड कापी के साथ संलग्न अर्हतादायी कक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति, आदि का परीक्षण करेगें तथा परीक्षार्थी जिस कक्षा के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन किया है उसके लिये पात्र हैं तथा उस कक्षा का अध्ययन / अध्यापन संबधित महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में हो रहा है तथा विश्वविद्यालय से उस पाठयक्रम का सम्बद्धता प्राप्त है।
5. प्रायोगिक विषय वाले अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन तभी अग्रेषित किये जावे जब परीक्षार्थियों ने महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा हेतु पंजीयन कराया है तथा 4 सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण किया है।
6. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन महाविद्यालय में बैठक क्षमता को ध्यान में रखते हुये अग्रेषित किये जावें। क्षमता से अधिक होने पर शासकीय स्कूल आदि भवनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर आवेदन अग्रेषित कर सकते हैं।
7. बस्तर विश्वविद्यालय की सत्र 2020–21 की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का आवेदन विशेष रूप से परीक्षण किया जावे कि परीक्षार्थी जिस कक्षा के लिये आवेदन किया है उसके लिए अर्हता है।
8. दूसरे विश्वविद्यालय या प्रदेश के बाहर के बोर्ड की परीक्षा उतीर्ण कर आने वाले परीक्षार्थियों का पात्रता, माईग्रेसन का परीक्षण करें तथा परीक्षा आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज में मूल प्रति संलग्न करावें ।
9. परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि जमा की गई है वह निर्धारित राशि अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है। (चूँकि ऑनलाईन आवेदन की प्रिन्टआउट में शुल्क का विवरण अंकित रहता है अतः पृथक से शुल्क की रसीद का मांग न की जाय।)
10. विश्वविद्यालय के पोर्टल में **College Login** में प्राचार्य के **User-ID & Password Login** कर नामिनल सूची की प्रति प्राप्त करेगें। जिसे महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन किये गये मुख्य परीक्षा आवेदनों का **(Verified Student)** की सत्यापित सूची एंव अशेष प्रमाण पत्र के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।
11. ऐसे परीक्षार्थी जो पात्र न होते हुए भी ऑनलाईन आवेदन किया है वे परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे तथा उनके परीक्षा आवेदन निरस्त होंगे।
12. अग्रेषणकर्ता अधिकारी विश्वविद्यालय को इस आशय का अशेष प्रमाण पत्र देगें कि महाविद्यालय में किसी भी परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन शेष नहीं है।
13. महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राध्यापक / परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियत्रंण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## (XIII) परीक्षार्थियों से ली जाने वाली परीक्षा शुल्क का विवरण :—

### Annual Examination fees for the Regular Student Session. 2020-21

| क्र | Name of the Examination | परीक्षा शुल्क | अंकसूची शुल्क | छात्र कल्याण शुल्क | भवन एवं फर्नीचर शुल्क | ग्रंथालय शुल्क | केन्द्र शुल्क | शारीरिक शिक्षा शुल्क | स्थाई निधि शुल्क | कुलपति आकस्मिक | पंजीयन शुल्क | अनुमति शुल्क | परीक्षा विकास शुल्क | उपाधि शुल्क | लघुशोध / प्रोजेक्ट | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | B.A./B.Com-I,II, III | 860 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | — | — | — | — | — | 1100 |
| 2 | B.Sc/B.H.Sc. -I, II, III | 890 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | — | — | — | — | — | 1130 |
| 3 | B.C.A. - I,II, III | 1960 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | — | — | — | — | — | 2200 |

### Annual Examination fees for the Non College/Ex.Student/Supply Student Session. 2020-21

| क्र | Name of the Examination | परीक्षा शुल्क | अंकसूची शुल्क | छात्र कल्याण शुल्क | भवन एवं फर्नीचर शुल्क | ग्रंथालय शुल्क | केन्द्र शुल्क | शारीरिक शिक्षा शुल्क | स्थाई निधि शुल्क | कुलपति आकस्मिक सहायता निधि | पंजीयन शुल्क | अनुमति शुल्क | परीक्षा विकास शुल्क | उपाधि शुल्क | लघुशोध / प्रोजेक्ट | कुल योग | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | B.A./B.Com-I,II, III | 1040 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | — | — | 1550 | 720 |
| 2 | B.Sc/B.H.Sc. -I, II, III | 1040 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | — | — | 1550 | 1000 |
| 3 | B.C.A.-I,II, III (Ex.) | 1960 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | — | — | — | — | — | 2200 | 1000 |
| 4 | M.A./M.Com Previous / Final | 1040 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | — | 180 | 1550 | |
| 5 | M.Sc. Previous / Final | 1040 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | — | 180 | 1550 | |

## आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा

1. अग्रेषण शुल्क नियमित / अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक परीक्षार्थियों के लिए रू. 30 / —
2. अतिरिक्त विषय रू.120.00 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर अतिरिक्त विषय के रूप में शुल्क देना होगा।
3. अप्रवासन शुल्क रू.250.00 छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा वि.वि. से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए होगा।
4. ऑनलाईन केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू.200.00 (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक)
5. विषय / प्रश्न पत्र परिवर्तन शुल्क रू.120 / —
6. संकाय परिवर्तन शुल्क रू.120 / —
7. विवाहोपरांत नाम / उपनाम परिवर्तन शुल्क रू.150.00 (केवल महिलाओं के लिए)
9. त्रुटि सुधार शुल्क रू.100.00 (नाम / उपनाम / अंक सुधार एवं अन्य)
10. श्रेणी सुधार शुल्क निर्धारित शुल्क से दोगुना।(केवल स्नात्तकोत्तर कक्षाओं के लिए)
11. राज्य शासन के निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी।

(कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)

आदेशानुसार

26/03/2021.

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)
जगदलपुर, दिनांक 26/03/2021

पृ.क्रमांक/1065/ परीक्षा/गोपनीय/2021
प्रतिलिपि :—

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)
4. मान. कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित कि वे अग्रेषणकर्ता, अधिकारी के लिए जारी निर्देश का पालन करते हुए परीक्षण कर परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करें ।
6. समस्त विभाग, बस्तर वि.वि., जगदलपुर की ओर सूचनार्थ ।
7. संपादक, नवभारत/दैनिक भास्कर/देशबंधु/हरिभूमि/नईदुनिया/हाईवे चैनल/दण्डकारण्य/प्रातःइण्डिया महाकौशल/हिन्दसत्/पत्रिका को इस अनुरोध के साथ कि उक्त समाचार को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट।
9. सूचना पटल में चस्पा।

सहा. कुलसचिव
बस्तर विवविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)

7 to 7 R